Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:09 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:41 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 224 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 28 फरवरी 2026






विवादों में घिरी 'द केरल स्टोरी 2...पेज-3 पर


## News कॉर्नर

### बीडी पांडे अस्पताल में ओपीडी का समय बदला

**नैनीताल।** गर्मी की शुरुआत के साथ ही बीडी पांडे अस्पताल में ओपीडी का समय बदल दिया गया है। अब अस्पताल में चिकित्सक 01 मार्च से सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी में मरीजों का उपचार करेंगे। नया समय रविवार से लागू हो गया है। बता दें की शीतकाल के चलते 01 नवंबर 2025 से अस्पताल की ओपीडी का समय परिवर्तित किया गया था। उस दौरान सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मरीजों को देखा जा रहा था। अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि मौसम में परिवर्तन को देखते हुए 1 मार्च से ओपीडी का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक कर दिया गया है।

### आज होगी एचपीवी की लॉन्चिंग, 10 किशोरियों को लगेंगे टीके

**अल्मोड़ा।** सरकार ने 14 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीका पूरी तरह निशुल्क देने का निर्णय लिया है। इस अभियान का देशव्यापी शुभारंभ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। अल्मोड़ा में लॉन्चिंग स्थल पर 10 किशोरियों को टीका लगाया जाएगा। शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि पहले यह टीका महंगा होने के कारण सीमित लोगों तक की ही पहुंच में था लेकिन अब इसे लोगों के लिए सुलभ बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल में इसकी लॉन्चिंग की जानी है। इस दौरान 10 किशोरियों को टीका लगाया जाएगा। जिले में पांच हजार किशोरियों को चिह्नित किया गया है जिन्हें यह टीका लगाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन किशोरियों ने 14वां जन्मदिन मना लिया है लेकिन 15 वर्ष की नहीं हुई हैं वह स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर यह टीका लगवा सकेंगी।

# डीएम रयाल ने की विकास कार्यों की गहनता से समीक्षा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने शुक्रवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में यूयूएसडीए, सिंचाई, जल संस्थान, पेयजल निगम,विद्युत, जल संस्थान एवं एचपीसीएल आदि विभागों द्वारा शहर में कराए रहे विभिन्न विकास कार्यों जिसमें सडक चौडीकरण, सीवर लाईन,पेयजल एवं गैस पाईप लाईन, सड़क चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण, यूटिलिटी डक्ट सिफ्टिंग आदि महत्वपूर्ण विकास कार्यो की गहनता से समीक्षा की।



जिलाधिकारी ने कहा कि हल्द्वानी शहर को आधुनिक एवं सुविधायुक्त भव्य बनाने हो जो भी विकास कार्य वर्तमान में किए जा रहे हैं, उन कार्यो को दोगुनी गति से कराया जाय इस हेतु दो शिफ्टों में दिन में एवं रात्रि में भी कार्य हों, इस हेतु जिलाधिकारी ने यू यू एस डी ए के अधिकारियों को दोगुनी क्षमता में कार्य करने हेतु मैन पावर को बढ़ाते हुए रात्रि में भी कार्य करने के निर्देश दिए। इस हेतु बैठक में कार्यदाई संस्था को कार्य का लक्ष्य देते हुए 13 मार्च तक इन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक सप्ताह बैठक कर जो भी समस्या कार्यों में आ रही हैं, उनका समाधान मौके पर ही करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि एनओसी से सम्बन्धित जो भी समस्या हैं बैठक में ही समाधान किया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर में जहां भी सडक, सीवर एवं पेयजल के कार्य हो रहे है उन कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें। उन्होंने कहा शहर में जिन आन्तरिक मार्गों में सडक, सीवर पेयजल आदि के कार्य प्रगति पर है उन्हें पूर्ण करने के उपरान्त ही दूसरे क्षेत्रों में कार्य करें ताकि आमजनता को कोई परेशानी ना हो।जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि जिन क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है,सुरक्षा के दृष्टिगत उन स्थानों पर साईनेज बैरिकेटिंग,लाइटिंग एवं सैंडबैग का इस्तेमाल अवश्य किया जाए ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनों से बचा जा सके। बैठक में एसपी क्राइम जगदीश चंद्रा, एस पी सिटी मनोज कत्याल,सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, नगर आयुक्त पारितोष वर्मा, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, अधिशासी अभियंता यूपीसी एल एसके गुप्ता, पेयजल निगम एके कटारिया, सिंचाई दिनेश सिंह,लोनिवि प्रत्युष कुमार आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

नैनीताल जिला विकास की नई रफ्तार से आगे बढ़ेगी

# धामी ने 132 करोड़ 55.56 लाख की योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 132 करोड़ 55 लाख 56 हजार की 39 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 72 करोड़ 38 लाख की लागत से 23 योजनाओं का लोकार्पण तथा 60 करोड 17 लाख 56 हजार की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोकार्पण एवं शिलान्यास की गई योजनाओं से नैनीताल जिला विकास की नई रफ्तार से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार, उत्तराखंड को विकसित उत्तराखंड बनाने की ओर तीव्रता से कार्य कर रही है। राज्य प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णय, अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ा रही है। हमारा एकमात्र लक्ष्य उत्तराखंड को आगे बढ़ाना है। जिसपर हम



विकल्प प्राइस संकल्प के साथ काम रह रहे हैं। उन्होंने कहा राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण कानून,जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति, विरासत और पवित्रता से किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शिप्रा नदी में 30 मीटर स्पान के मोटर पुल, राजकीय औद्योगिक संस्थान हल्द्वानी में टैक्नोलॉजी लैब, नलकूप निर्माण कोटाबाग में महादेवपुरम व झलुवाझाला नलकूप, बेलपोखरा नलकूप तथा बैलपडाव में सिचाई नलकूप का लोकार्पण के साथ ही महिला महाविद्यालय में लैब निर्माण, लालकुआ में नलकूपों पर स्टेबलाईजर एवं जलजीवन मिशन के अन्तर्गत 14 पेयजल योजनाओं में हरिपुर लच्छी, कालूपुर पोखरिया, जीतपुर रैक्काल, देवलातल्ला, भवानसिंह नवाड, बसन्तपुर, किशनपुर रैक्काल- शेष पेज... 4 पर

# साल का पहला चंद्रग्रहण तीन मार्च को, नौ घंटे पहले ही लग जाएगा सूतक काल

देहरादून
हमारे संवाददाता

**आस्था**

- सुबह 6:20 बजे से ही सूतक काल शुरु हो जाएगा

साल का पहला चंद्रग्रहण तीन मार्च को लगेगा। फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर साल का पहला चंद्रग्रहण पड़ेगा। चंद्रग्रहण की शुरुआत दोपहर 3:20 बजे होगी और इसका समापन शाम 6:47 बजे होगा।

तीन मार्च को साल का पहला चंद्रग्रहण लगेगा। ये चंद्रग्रहण सिंह राशि और मघा नक्षत्र में लगने जा रहा है। ऐसे में नौ घंटे पहले ही सूतक काल लग जाएगा। इसे लेकर मंदिरों के कपाट भी बंद रहेंगे। शहर के कई मंदिरों में इसके पोस्टर भी चस्पा कर दिए गए है। आचार्य डॉ. सुशांत राज ने बताया कि फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर साल का पहला चंद्रग्रहण पड़ेगा। चंद्रग्रहण की शुरुआत दोपहर 3:20 बजे होगी और इसका समापन शाम 6:47 बजे होगा। ग्रहण 3:27 घंटे तक प्रभावी रहेगा। चूंकि चंद्रग्रहण भारत में दिखेगा तो इसका सूतक काल भी मान्य होगा। ऐसे में मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे तो वहीं मांगलिक कार्य भी वर्जित रहेंगे। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जिसमें आसमान में चांद लाल रंग का नजर आएगा। तीन मार्च को सुबह 6:20 बजे से ही सूतक काल शुरू हो जाएगा। इसके बाद चंद्रग्रहण तक सूतक काल रहेगा।



# किशोरी लापता, परिजनों ने मुखानी में दर्ज कराई गुमशुदगी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

प्रेम विहार, भगवानपुर बिचला निवासी बृजेश शाह ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री के लापता होने की सूचना कोतवाली मुखानी में दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार किशोरी 17 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बृजेश शाह पुत्र स्व. रामचन्द्र शाह, हाल निवासी प्रेम विहार भगवानपुर बिचला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री मनीका कुमारी ( 17 वर्ष) घर से अचानक चली गई। परिवार द्वारा रिश्तेदारों एवं जान-पहचान के स्थानों पर काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने यह भी बताया कि पूर्व में भी किशोरी घर से चली गई थी, जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उस मामले में पुलिस द्वारा तीन-चार दिन बाद बरामदगी की गई थी और संबंधित मुकदमा वर्तमान में विचाराधीन है। परिजनों ने फिर से पुलिस को

तहरीर सौंप कर गुमशुदगी दर्ज कर पुत्री को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# हल्द्वानी में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का होली मिलन समारोह

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

**आयोजन**

- होली के गीतों पर झूमे पत्रकार, नेता और अधिकारी

नैनीताल रोड स्थित बैंकेट हॉल में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का 11वां होली मिलन समारोह उल्लास, उत्साह और भरपूर उमंग के साथ मनाया गया। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश शास्त्री और प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी ने शिरकत की।

होली मिलन समारोह में पत्रकार, नेता और अधिकारी होली के गीतों में जमकर थिरके। इस दौरान सांसद अजय भट्ट, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, दिनेश आर्य, रेनू अधिकारी, कांग्रेस नेता



ललित जोशी, और प्रकाश हरबोला मौजूद रहे, साथ ही कार्यक्रम में,ग्रुरू विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट,क बाजपेई, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार कुलदीप पांडे और जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी एसपी सिटी, एसपी क्राइम, सीओ भी मौजूद रहे, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने होली गीत गायन से माहौल को रंगीन बना दिया। सूचना उप निदेशक मनोज श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी ने एक दूसरे को रंग लगा कर अबीर गुलाल उड़ाया और होली की शुभकामनाएं दी। रंगों के इस त्यौहार को आपसी भाईचारे और प्रेम से मनाने की अपील की। इस दौरान जिलाध्यक्ष सर्वेंद्र बिष्ट और महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने सभी पत्रकारों को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम संयोजक विशाल शर्मा, प्लेबैक सिंगर राखी रवीना, लोक गायिका राधा द्विवेदी और गायक राहुल व्यास ने कार्यक्रम में समा बांधा। इस दौरान जिला महामंत्री भूपेंद्र रावत, महानगर कार्यकारी अध्यक्ष पुष्कर अधिकारी, महामंत्री नवीन सक्सेना, गणेश जोशी, राघवेंद्र शुक्ला, डॉ. ए. एन. तिवारी, सन्तोष जोशी, प्रमोद डालाकोटी, पवन कुंवर, नागेश दुबे, चयन राजपूत, सर्वेश तिवारी, भानू जोशी, उदय सेठ, ऋषि कपूर, रक्षित टंडन, संजय पाठक, शोएब खान, शेर अफगान, सरताज आलम सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# एरीज में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑ? ऑब्जरवेशनल साइंसस (एरीज) में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस ओपन डे कार्यक्रम का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने कहा कि युवाओं में जागरूकता के बिना विज्ञान का विकास संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने और शोध के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया।

एरीज सभागार में आयोजित सत्र में वैज्ञानिक डॉ. कुंतल मिश्रा और डॉ. नीलम पवार ने विद्यार्थियों को ब्रह्मांड की बारीकियों से परिचित कराया। टेलिस्कोप के माध्यम से सूर्य के सौर धब्बों का अवलोकन कराया गया तथा सूर्य की सक्रियता और उसकी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान देवस्थल स्थित 3.6 मीटर ऑप्टिकल दूरबीन और 4 मीटर लिक्विड मिरर टेलीस्कोप की कार्यप्रणाली विस्तार से समझाई गई। शोध छात्रों ने दूरबीन के दर्पण पर लेजर प्रयोग, ग्रहण के मॉडल और रडार भ्रमण के माध्यम से खगोल विज्ञान एवं वायुमंडलीय विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को सरल तरीके से प्रस्तुत किया। डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि ओपन डे के अंतर्गत 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक संस्थान आम जनता के लिए खुला रहेगा। सूर्यास्त के बाद सायं 6:45 बजे से दूरबीन के माध्यम से चंद्रमा के गड्ढे, बृहस्पति तथा अन्य खगोलीय पिंडों का अवलोकन कराया जाएगा। एरीज के रजिस्ट्रार मोहित जोशी ने विद्यार्थियों को संस्थान में चल रहे शोध कार्यों, दूरबीनों के संचालन तथा उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के पहले दिन राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज , सैनिक स्कूल घोराखल , जी जी आई सी नैनीताल , लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल , मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर तथा बिरला विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विज्ञान के विविध प्रयोगों और खगोलीय अवलोकन का अनुभव प्राप्त कर उत्साह व्यक्त किया।

## NEWS / फटाफट

### यौन शोषण के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नैनीताल** । उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल के चर्चित नाबालिग यौन शोषण को जघन्य मानते हुए मो.उस्मान की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की एकलपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि तीन माह में इससे संबंधित ट्रायल को निस्तारित किया जाय । हाईकोर्ट ने इस मामले में पिछले दिनों सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रख लिया था और शुक्रवार को आदेश पारित किया गया । मामले के अनुसार, नैनीताल में बीती 30 अप्रैल 2025 को मल्लीताल कोतवाली में नाबालिग से दुष्कर्म का एक मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना को उसी माह 12 अप्रैल का बताते हुए एक 12 वर्षीय हिन्दू नाबालिग ने 73 वर्षीय मो.उस्मान पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। मल्लीताल कोतवाली में प्रदर्शन करने के बाद आंदोलनरत आक्रोशित लोगों ने कुछ दुकानों में हल्की तोड़फोड़ और कुछ लोगों से मारपीट की। एक मई को शहर में आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर एक जुलूस प्रदर्शन भी हुआ था। मो.उस्मान की जमानत अर्जी तभी से हाईकोर्ट में विचाराधीन थी।

### आठवें दिन तीन लोगों ने आवश्यक मतों का कोटा हासिल किया



**नैनीताल** । उत्तराखंड बार काउंसिल चुनाव की मतगणना के आठवें दिन की गिनती के बाद विकास बहुगुणा, के.कुमार व राजबीर सिंह बिष्ट ने भी जीत के लिये आवश्यक मतों का कोटा हासिल कर लिया है । उनके बार काउंसिल सदस्य का चुनाव जीतने पर उनके समर्थकों ने इन्हें फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया । इससे पूर्व राकेश गुप्ता,डी के शर्मा व सी एस जोशी भी चुनाव जीत चुके हैं । शुक्रवार को आठवें दिन पुरुष प्रत्याशियों में के कुमार,राजबीर सिंह बिष्ट व विकास बहुगुणा ने जीत दर्ज कर ली है । इसके अलावा दिवाकर पांडे,एस एस पुंडीर,सुखपाल सिंह,सी एस तिवारी,रंजन सोलंकी भी जीत के करीब पहुंच गए हैं । मतगणना कल रविवार को भी जारी रहेगी ।

### जरूरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग किया



**नैनीताल**। आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस वूमेन्स कलेक्टिव नैनीताल द्वारा एक जरूरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग प्रदान किया गया। संस्था की ओर से कन्या को धनराशि एवं वस्त्र भेंट स्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन पाषाण देवी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कन्या को आशीर्वाद दिया। संस्था की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़कर जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना ही उनका उद्देश्य है। इस दौरान रेशमा टंडन, सुनीता वर्मा, कविता गंगोला, सिम्मी अरोरा, मंजू नेगी, कविता जोशी, शिखा शाह, प्रेमलता गोसाई, किरण टंडन, कामना कंबोज, कविता सनवाल, वैशाली बिष्ट, उमा कांडपाल, बीना शर्मा, सोमा शाह, संध्या तिवारी, श्वेता अरोरा, संगीता शाह, सोनी अरोरा, मधु बिष्ट, ज्योति मेहरा, मंजू बिष्ट, पूजा शाही, पूजा मल्होत्रा, वंदना मेहरा, रीना सामंत, रमा तिवारी, बिमला काफल्टया, नेहा डालाकोटी, सुधीर वर्मा आदि रहे।

### बाइक की भिड़ंत, मां-बेटे समेत दस घायल

**किच्छा**। किच्छा बाईपास पर तेज रफ्तार ऑटो और बाइक की भिड़ंत से खलबली मच गई। इस हादसे में बाइक सवार मां-बेटे और ड्यूटी पर जा रही नौ महिलाएं घायल हो गई हैं। शुक्रवार की सुबह किच्छा बाईपास पर एक तेज रफ्तार ऑटो और बाइक की जोरदार भिड़ंत से खलबली मच गई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार मां-बेटे और ड्यूटी पर जा रही नौ महिलाएं घायल हो गई हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।



# वन विभाग और स्थानीय लोगों ने चलाया संयुक्त रूप से सफाई अभियान

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल के पंगोट रोड स्थित नैना देवी हिमालयन पक्षी संरक्षण रिजर्व में वन विभाग और स्थानीय लोगों द्वारा संयुक्त रूप से विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान क्षेत्र से दो पिकअप कूड़ा एकत्र कर हटाया गया। वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि यह रिजर्व हिमालयी पक्षियों की सैकड़ों प्रजातियों का महत्वपूर्ण आवास है। बढ़ते प्लास्टिक कचरे और पर्यटकों द्वारा छोड़े गए अपशिष्ट से यहां की जैव-विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी को देखते हुए विभाग ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सफाई अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान नैनीताल और पंगोट के बीच विभिन्न स्थलों से चिप्स के रैपर, प्लास्टिक की बोतलें, बीयर व शराब की खाली बोतलें सहित अन्य कूड़ा एकत्र किया गया। दो पिकअप कूड़ा क्षेत्र से हटाया गया। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि यह संरक्षित क्षेत्र पक्षियों के लिए बेहद संवेदनशील है। पिकनिक के नाम पर कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ अब सख्त अभियान चलाया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी, ताकि यहां की जैव-विविधता और वन्यजीवों के जीवन पर कोई गंभीर प्रभाव न पड़े। उन्होंने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से अपील की कि वे अपने साथ लाया गया कचरा वापस ले जाएं तथा जंगल और वन्यजीवों का सम्मान करें। इस दौरान गौरव, आनंद, दीप आर्य, गीतांजलि, शुभम, लकी, , हिमांशु सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही।

# रसायन विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान कार्यक्रम

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में विजिटिंग प्रोफेसर डायरेक्टरेट एवं रसायन विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जर्मन वैज्ञानिक प्रो. क्रिस्टोफ अरेंज ने स्फिंगोलिपिड मेटाबोलिज्म फॉर ड्रग डिस्कवरी विषय पर व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. अरेंज ने कहा बताया कि स्फिंगोलिपिड मेटाबोलिज्म आधुनिक औषधि खोज ड्रग डिस्कवरी के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने इस क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधानों और संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से आई प्रो. शैलजा सिंह ने मलेरिया की रोकथाम तथा इसके परजीवी (पैरासाइट) को ब्लॉक करने संबंधी अपने शोध कार्य को साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से संक्रामक रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन प्रो. चित्रा पांडे ने की। संचालन प्रो. सहराज अली ने किया। इस दौरान निदेशक प्रो. ललित तिवारी, विभागाध्यक्ष प्रो. नंदा गोपाल साहू, प्रो. गीता तिवारी, डॉ. सुहेल जावेद, प्रो. महेश चंद्र आर्या, डॉ. मनोज धूनी, डॉ. पैनी जोशी, डॉ. ललित मोहन, डॉ. गिरीश खर्कवाल, डॉ. आंचल अनेजा, डॉ. भावना पंत समेत अन्य लोग रहे।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज को जिले का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का एवार्ड

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

एडू कनेक्टलन संस्था ने सेंट मैरी कांवेंट कॉलेज को वर्ष 25- 26 जिले का बेस्ट स्कूल अवार्ड से नवाजा है। विद्यालय को यह अवॉर्ड उत्कृष्ट शिक्षा, खेलो में भागीदारी, अनुशासन और अन्य गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन को लेकर गया है।

प्रधानाचार्य सिस्टर मंजूषा ने बताया कि एडू कनेक्टलन संस्था देश के अग्रणी स्कूल सर्च का मंच है, जो देशभर के स्कूलों से जुड़ा हुआ है। जिसमे लाखों स्कूल शामिल हैं। अवार्ड देने में अभिभावकों की राय शामिल की जाती है, जबकि स्कूल का बोर्ड परीक्षाफल और तमाम गतिविधियों का सर्वे किया जाता है। इस अवार्ड को लेकर नैनीताल जनपद में कुल 2,095 विद्यालयों का मूल्यांकन किया गया. मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और दो प्रमुख मानकों पर आधारित रही, टेक्निकल एक्सीलेंस (तकनीकी उत्कृष्टता) और पैरेंट फीडबैक (अभिभावकों की प्रतिक्रिया). इन दोनों महत्वपूर्ण पहलुओं पर खरा उतरते हुए शहर के प्रतिष्ठित सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया और जिले के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में अपनी जगह बनाई।

विद्यालय की इस उपलब्धि पर शिक्षिकाओं और अभिभावकों ने खुशी जाहिर की । एवार्ड देने वाली संस्था की आधिकारिक वेबसाइट पर विजेता विद्यालयों की सूची प्रकाशित की गई है, जिसमें सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज का नाम प्रमुखता से शामिल किया गया है. संस्था को आधिकारिक डिजिटल प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया है, जो इस उपलब्धि को दर्शाता है. शिक्षा के क्षेत्र में नैनीताल की यह सफलता बताती है कि पहाड़ों की वादियों में बसे विद्यालय भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी गुणवत्ता का परचम लहरा रहे हैं।

# वार्षिक क्रीड़ा समारोह का भव्य आयोजन

**बेतालघाट**
हमारे संवाददाता



शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में शुक्रवार वार्षिक क्रीड़ा समारोह का भव्य आयोजन किया है ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद्र आर्य तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. दीप चंद्र रिखाड़ी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने छात्र-छात्राओं को खेल शपथ दिलाई तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं समर्पण के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का संदेश दिया।

क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ (महिला एवं पुरुष वर्ग), 800 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग), लंबी कूद, भाला फेंक तथा गोला फेंक (महिला एवं पुरुष वर्ग) प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

मुख्य अतिथि हेमचंद्र आर्य ने कहा छात्र-छात्राओं के साथ अपने स्कूली जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे भी क्रीड़ा समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे और चैंपियन ट्रॉफी प्राप्त करते थे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर सकारात्मक एवं अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. दीप चंद्र रिखाड़ी ने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर प्रयास एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. जयति दीक्षित द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. ईप्सिता, डॉ. दीपक, डॉ. तरुण कुमार आर्या, ममता पाण्डेय, डॉ. निर्मला, संतोष भारती, दीप चंद्र त्रिपाठी, प्रकाश आर्य, यू.एस. सिजवाली, कमलेश बिष्ट, केडी सिंह, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# अभिमत

## राजस्व और जनहित

*जंगल में पहले से सफारी जोन बने हुए हैं, लेकिन राज्य सरकार ने नये पर्यटन जोन बनाने का प्रयास किया है। कुमाऊं के तराई पश्चिम वन प्रभाग में नये पर्यटन जोन का ग्रामीणों ने भारी विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि नया पर्यटन जोन खोलने से बाघ और खूंखार होंगे। एक सप्ताह में बाघ ने तीन लोगों को मार डाला। दो माह में दर्जनभर लोग बाघ और भालू के हमले में मारे गये। जंगल से सटे गांवों में आये दिन वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं हो रही हैं। विरोध करने वालों का कहना है कि राजस्व के चक्कर में नये जोन खोलकर ग्रामीणों की जान जोखिम में डाली जा रही है।*

उत्तराखंड में राजस्व का प्रमुख स्रोत पर्यटन है। सैलानी पर्वतीय क्षेत्र में नैसर्गिक सौंदर्य से प्रभावित होकर आते हैं। कार्बेट टाइगर रिजर्व पार्क के वन क्षेत्र में पर्यटक मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं। जंगल में पहले से सफारी जोन बने हुए हैं, लेकिन राज्य सरकार ने नये पर्यटन जोन बनाने का प्रयास किया है। कुमाऊं के तराई पश्चिम वन प्रभाग में नये पर्यटन जोन का ग्रामीणों ने भारी विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि नया पर्यटन जोन खोलने से बाघ और खूंखार होंगे। एक सप्ताह में बाघ ने तीन लोगों को मार डाला। दो माह में दर्जनभर लोग बाघ और भालू के हमले में मारे गये। इसके अलावा जंगल से सटे गांवों में आये दिन वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं हो रही हैं। विरोध करने वालों का कहना है कि राजस्व के चक्कर में नये जोन खोलकर ग्रामीणों की जान जोखिम में डाली जा रही है। पशुओं के लिए घास काटने और कृषि का कार्य करने वालों पर आये दिन वन्यजीव हमला करते हैं। दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं। वन्यजीव और मानव संघर्ष की स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि बाघ व अन्य जानवरों की दहशत से कई क्षेत्रों में बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं। वन विभाग पिंजरे रखकर बाघ को पकड़ने का प्रयास करता है। पकड़ में नहीं आने पर नरभक्षी को शिकारी निशाना बनाते हैं। पर्वतीय क्षेत्र से लेकर तराई के जंगल तक वन्यजीव खूंखार होते जा रहे हैं। अतिक्रमण करके जंगल के निकट आवासीय कालोनियां विकसित की गई हैं। जंगल की भूमि पर कब्जा करके मानव गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। राज्य के पूर्व वन मंत्री के खिलाफ नया सफारी जोन खोलने और हजारों पेड़ कटवाने का मामला चर्चित रहा है। पूर्व मंत्री के खिलाफ एजेंसियां जांच कर रही हैं। लकड़ी माफिया जंगल में अवैध रूप से पेड़ काटते हैं। वन्यजीवों को मारकर उनके अंगों की तस्करी की जाती है। जंगल वन्यजीवों का घर है। जंगल में वन्यजीव स्वच्छंद विचरण करते हैं। वन्यजीवों के संरक्षण के लिए उत्तराखंड समेत देश के अन्य राज्यों में अभयारण्य क्षेत्र घोषित किये गये हैं। अभयारण्य क्षेत्र में सड़क और भवन निर्माण की अनुमति नहीं है। वन विभाग जंगल से पेड़ कटवाता है तो उसकी प्रतिपूर्ति के लिए पौधरोपण करता है। अभयारण्यों में नियमों का पालन नहीं होने से हरियाली कम होती जा रही है। पर्यावरण संतुलन की समस्या उत्पन्न हो रही है। वन्यजीव हिंसक होकर ग्रामीण क्षेत्र में खेती नष्ट कर देते हैं। मानव के साथ पालतू पशुओं पर हमले करते हैं। पर्यटन के लिए पहले से ही पर्याप्त व्यवस्था है और नये जोन की जरूरत नहीं है।

# मां नैना देवी मंदिर में गूंजी खड़ी होली

## सुर-ताल और भक्ति के साथ रंगों से रंगा नैनीताल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि यह क्षेत्र की आत्मा, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। महाशिवरात्रि के बाद चीर बंधन के साथ इसकी शुरुआत होती है। इसके बाद गांव-गांव में होल्यार मंडलियां ढोल-दमाऊं की थाप पर मंदिरों से घर-घर जाकर होली गायन करती हैं। राग-रागिनियों से सजी बैठकी और खड़ी होली में भक्ति, श्रृंगार और लोकजीवन की अनूठी झलक मिलती है।

होली से एक दिन पूर्व कुमाऊं के विभिन्न क्षेत्रों से होल्यार नैनीताल पहुंचकर नैना देवी मंदिर में एकत्र होते हैं। मां नयना देवी के आशीर्वाद के साथ मंदिर परिसर में खड़ी होली का आयोजन किया जाता है। ढोल की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा और सुर-ताल का सामंजस्य वातावरण को भक्तिमय बना देता है। चम्पावत खेतीखान की होली आयोजन एवं डॉक्यूमेंट्री निर्माण समिति के महासचिव देवेंद्र ओली ने बताया कि संस्था पिछले 21 वर्षों से देश के विभिन्न राज्यों में जाकर खड़ी होली का आयोजन कर रही है। साथ ही पिछले 10 वर्षों से नैनीताल स्थित मां नैना देवी मंदिर में भी खड़ी होली का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खड़ी होली कुमाऊं की विशेष पहचान है, जिसे चम्पावत क्षेत्र में काली कुमाऊं के नाम से भी जाना जाता है। यहां 70 से 80 प्रतिशत लोग खड़ी होली का गायन करते हैं।






### नैनीताल की होली में विदेशी मेहमान भी शामिल



ऑस्ट्रेलिया से आई विदेशी पर्यटक डोरेईग ने कहा कि नैनीताल आकर उन्होंने उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति को नजदीक से जाना। होली महोत्सव में शामिल होकर उन्हें अत्यंत आनंद की अनुभूति हुई और उन्होंने कहा कि यहां का अनुभव इतना सुंदर रहा कि वापस जाने का मन नहीं कर रहा।

### पुलिस प्रशासन अलर्ट

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता न फैले, इसके लिए शहरभर में व्यापक स्तर पर गश्त शुरू कर दी गई है। होली के अवसर पर जहां स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों में भी खासा उत्साह देखने को मिलता है।

# कुमाऊं में खड़ी होली का विशेष महत्व

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

देवेंद्र ओली ने बताया कि कुमाऊं मंडल के चम्पावत जनपद तथा उससे लगे नेपाल और पिथौरागढ़ क्षेत्रों में खड़ी होली प्रमुख पर्व के रूप में मनाई जाती है। एकादशी के दिन विशेष रूप से भगवान की आराधना के साथ इसका गायन होता है। खड़ी होली में मन के विकारों को बाहर निकालने, नकारात्मकता त्यागने और तन-मन को स्वस्थ रखने का संदेश दिया जाता है। घर-घर जाकर आशीर्वाद प्रदान किया जाता है।

डॉक्यूमेंट्री निर्माण समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह मनराल ने बताया कि वे वर्ष 2005 से मां नैना देवी मंदिर में खड़ी होली का गायन कर रहे हैं। महाशिवरात्रि से इसकी शुरुआत होती है और आमली एकादशी के बाद होल्यार घर-घर जाकर होली गाते हैं। उन्होंने कहा कि इस परंपरा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। साथ ही होली के माध्यम से नशे के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया जाता है। युग मंच के



संचालक जहूर आलम ने बताया कि कुमाऊनी होली चंद्रवंशी काल से चली आ रही परंपरा है। इसमें खड़ी होली, बैठकी होली, महिला होली, बच्चों की होली और स्वांग जैसी विविध विधाएं शामिल हैं। युग मंच की यह 30वीं होली है, जो पौष माह से प्रारंभ होकर टीके तक चलती है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नई पीढ़ी भी अपनी संस्कृति से जुड़ रही है।

खड़ी होली की शुरुआत मां नैना देवी मंदिर से होती है और यह पर्व सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देता है, जहां धर्म और जाति से ऊपर उठकर लोग गले मिलते हैं।

सुरेंद्र सिंह बोहरा ने बताया कि खड़ी होली की परंपरा पूर्वजों से चली आ रही है। देश के विभिन्न हिस्सों से खड़ी होली गायन के लिए आमंत्रण मिल रहे हैं। होली में भगवान राम और कृष्ण की रासलीलाओं का गायन कर उनकी कथाओं का भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया जाता है।

कुल मिलाकर, कुमाऊं की खड़ी होली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, लोकसंस्कृति और सामाजिक समरसता का जीवंत उत्सव है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी विरासत को संजोए हुए है।

# फिल्मी दुनिया

## विवादों में घिरी 'द केरल स्टोरी 2' ने पहले दिन 3.42 करोड़ पार




*द केरल स्टोरी 2' रिलीज से पहले विवादों में घिर गई थी। केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को इसकी रिलीज पर लगी रोक हटाने का आदेश दिया। जिसके बाद यह सिनेमाघरों में पहुंच सकी। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' ने पहले दिन 3.42 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला है। यह फिल्म का शुरुआत कलेक्शन है, रात भर में इसकी कमाई में इजाफा हो सकता है। फिल्म के मेकर्स का दावा है कि इसकी कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित है। 'द केरल स्टोरी 2' ने ओपनिंग डे पर 3.42 करोड़ रुपये से शुरुआत की। लेकिन साल 2023 में रिलीज हुई 'द केरल स्टोरी' यानी पहले पार्ट ने ओपनिंग डे पर 8.03 करोड़ रुपये कमाए थे। यानी पहले पार्ट ने दूसरे पार्ट से दोगुनी कमाई की थी। इस तरह ओपनिंग डे पर ही 'द केरल स्टोरी 2' कमाई के मामले में पीछे रह गई। फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की कहानी में रिश्तों में धोखे, कथित धर्म परिवर्तन के बारे में है। इसमें तीन अलग-अलग राज्यों की कई युवा लड़कियों की कहानी है, जिनके अपने कुछ सपने हैं। लेकिन प्यार की वजह से उनके सपने टूट जाते हैं, उन्हें रिश्ते में धोखा मिलता है। फिल्म में लीड रोल में उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया जैसे एक्ट्रेस नजर आई हैं। फिल्म को कामाख्या नारायण सिंह ने निर्देशित किया है।*

### थिएटर में मुकाबला

*इन दिनों थिएटर में तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' और शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' मौजूद है। इन फिल्मों से 'द केरल स्टोरी 2' मुकाबला सिनेमाघरों में है। तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' ने रिलीज के आठवें दिन 42 लाख रुपये ही कमाए हैं। वहीं शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' ने रिलीज के 15वें दिन 87 लाख रुपये कमाए हैं।*

# न्यायधीशों व अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को लगाया अबीर-गुलाल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला बार सभागार में शुक्रवार को होली के रंगों से सराबोर हो गया यहां प्रताप भैया सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में न्यायधीशों व अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा होली की शुभकामनाये दी इससे पहले महिला अधिवक्ताओं ने गणेश वंदना...सिद्धि के दाता विघ्न विनाशक से होली की शुरुवात करी अधिवक्ता राजेश त्रिपाठी ने हारमोनियम पर श्याम राधा संघ खेलो होली...- कन्हैया को रंग... जैसे गीत प्रस्तुत किए।

वहीं सांस्कृतिक सचिव उमेश कांडपाल ने खड़ी होली सहित अन्य पारंपरिक गीतों से कार्यक्रम का समा बांध दिया इस दौरान न्यायाधीशों व बार संघ अध्यक्ष ने सभी को अपनी शुभकामनाये देते हुवे कहा कि बार व बेंच एक परिवार की तरह है जो हर पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाते आ रहे है व आगे भी मनाते रहेंगे यहां जिला न्यायाधीश प्रशांत कुमार बार संघ अध्यक्ष भगवत प्रसाद अपर जिला न्यायाधीश संजीव कुमार सीनियर सिविल जज हर्ष यादव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन बार सांस्कृतिक सचिव उमेश कांडपाल, प्राधिकरण सचिव पारुल थपलियाल, मजिस्ट्रेट उर्वशी रावत, रुचिका गोयल, स्नेहा नारंग, प्रीति साह, गंगा सिंह बोरा, मनीष, मोहन जोशी, राजेन्द्र कुमार पाठक, डी जी सी सुशील कुमार शर्मा, अरुण बिष्ट, जिला पंकज बिष्ट, वरिष्ठ अधिवक्ता सोहन तिवारी, पुलक अग्रवाल, गौरव भट, चंद्रकांत बहुगुणा, निखिल बिष्ट संतोष कुमार मुकेश कुमार संतोष आगरी किरन आर्या पूजा साह दिनेश चंद आदि ने मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## शेष पेज 1-सीएम ने किया लोकार्पण एवं शिलान्यास...

..., चोरगलिया आमखेडा जयराम परमा, हल्दूचौड जग्गी, भवानीपुर कृष्णा, पाडलीपुर, भगवानपुर दुर्गापुर,बकुटिया पेयजल योजना के साथ ही पशु चिकित्सालय रामगढ में भवन निर्माण सहित 23 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने जिन 16 योजनाओं का शिलान्यास किया उनमें कसियालेख से धारी मोटर मार्ग, रानीबाग-खुटानी, चाफी-पदमपुरी-धानाचुली, मोतियापाथर-शहरफाटक मार्ग सुधारीकरण, नैनीताल के अनावासीय भवन निर्माण, भेंटी दियारी खोली मोटर मार्ग,नशा मुक्ति केन्द्र पाण्डे नवाड मरम्मर कार्य, नवाबी रोड सीवरेज कार्य,सीवरेज 28 एमएलडी एसटीपी निर्माण, नारीमन तिराहे से गौलापुर तक सडक मरम्मत, देवरामपुर गौलागेट सडक सुधारीकरण, हल्दूचौड गौलारोड डीबीएमस कार्य, चांदनी चौक घुडदौड तक मार्ग सुधारीकरण, पीपल पोखरा में सांइ सटरिंग, हिम्मतपुर बैजनाथ पीसी कार्य,वृन्दावन विहार एवं चांदनी चौक में पीसी नवनिर्माण, गुसाईपुर में सडक सुधारीकरण एवं पनचक्की- चौफुला- कठघरिया नहर कवरिंग कार्यो शामिल हैं। इस अवसर पर सांसद नैनीताल-उधमसिंह नगर अजय भट्ट, अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल, विधायक लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट विधायक भीमताल राम सिंह कै ?ा,नैनीताल सरिता आर्या, नैनीताल दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा,नवीन लाल वर्मा, दीपक महरा, रेनू अधिकारी,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, व कुमाऊँ आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल,एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी,मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे सहित अन्य मौजूद रहे।

# शिक्षक गुणवत्ता सुदृढ़ीकरण की दिशा में बड़ा कदम, कुविवि में कार्यशाला

## एनसीटीई और कुमाऊं विवि के संयुक्त तत्वावधान में एनपीएसटी व एनएमएम पर मंथन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



शिक्षक गुणवत्ता एवं व्यवसायिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) और कुमाऊं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एनपीएसटी (नेशनल स्टैंडर्ड फॉर टीचर्स) एवं एनएमएम (नेशनल मिशन फॉर मेंटरिंग) विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के आईटीईपी विभाग में किया गया।

यह कार्यशाला एनसीटीई की ओर से देशभर में संचालित जागरूकता, सूचना-साझाकरण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा रही, जिसमें राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के विद्यालय शिक्षा निदेशालय, एससीईआरटी, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति, सीबीएसई तथा राज्य बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के शैक्षिक हितधारकों ने सहभागिता की। कार्यशाला का शुभारंभ एनसीटीई के सदस्यों, कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी एवं अन्य अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर शिक्षक प्रशिक्षुओं ने स्वागत गीत, विश्वविद्यालय कुलगीत, लोकनृत्य एवं एनसीटीई ध्येय गीत की प्रस्तुति दी। प्रारंभिक सत्र में शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने सभी अतिथियों एवं केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सीबीएसई और राज्य बोर्ड से आए प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनसीटीई के ये उपक्रम शिक्षकों की सतत व्यवसायिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके बाद राज्य शिक्षा मंत्री जयंत चौधरी, केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त विकास गुप्ता तथा एनसीटीई के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा के संदेशों का ऑनलाइन प्रसारण किया गया। कार्यशाला के आधिकारिक सत्र में एनसीटीई सदस्य डॉ. पारुल ने राज्य स्तरीय कार्यशाला के उद्देश्यों और एनपीएसटी एवं एनएमएम के फ्रेमवर्क पर विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक को छात्रों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके मानसिक और शारीरिक विकास पर भी समान रूप से ध्यान देना चाहिए। प्रथम तकनीकी सत्र में एनसीटीई विशेषज्ञ डॉ. ट्विंकल पांडा ने एनपीएसटी की अवधारणा स्पष्ट करते हुए इसके डिजिटल पोर्टल का प्रदर्शन किया। द्वितीय तकनीकी सत्र में एनसीटीई विशेषज्ञ डॉ. शुभा मिश्रा एवं डॉ. ज्ञान रंजन साहू ने एनएमएम की संकल्पना पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला के अंतिम चरण में एनपीएसटी और एनएमएम दोनों उपक्रमों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुष्पा अधिकारी ने किया। इस अवसर पर प्रो. ललित तिवारी, डॉ. अंकित जोशी, डॉ. अशोक उप्रेती आदि रहे।

# होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के दिए निर्देश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए जिले में सख्त सुरक्षा इंतजामों के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हुड़दंग मचाने वाले, जबरन रंग लगाने वाले और कानून का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ ने कोतवाली मीटिंग हॉल में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की अध्यक्षता की। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, लंबित विवेचनाएं और आगामी त्योहारों के लिए रणनीति तैयार की गई। उन्होंने कर्मचारी सम्मेलन के दौरान पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के आदेश दिए। डॉ. मंजूनाथ ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अपराध होने पर बीट कॉन्स्टेबल से लेकर हल्का प्रभारी तक सभी की जिम्मेदारी तय होगी। ड्यूटी के दौरान मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग या लापरवाही करने वालों पर 'नो वर्क नो पे' नीति लागू होगी। महिला अपराध, साइबर ठगी और नशे के खिलाफ अभियान तेज किए जाएंगे, साथ ही हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी लगातार जारी रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही पुलिस बल और उनके परिवार के हौसले को बढ़ाने के लिए डॉ. मंजूनाथ ने 39 उत्कृष्ट सेवा देने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पुलिस परिवार के 14 मेधावी विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए स्कॉलरशिप राशि प्रदान की गई। गोष्ठी में एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चन्द्र, एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार सहित सभी थाना/ चौकी/ शाखा/ यातायात/ सीपीयू/ पीएसी प्रभारी, पुलिसकर्मी रहे।

# चलती ट्रेन में महिला यात्री से चोरी, हल्द्वानी पहुंचते ही टूटा मिला बैग का लॉक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बाघ एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला यात्री के साथ चोरी की घटना सामने आई है। पीड़िता ने इस संबंध में थाना जी आर पी काठगोदाम में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

हजारीपुर, गोरखपुर निवासी स्वीटी जायसवाल पत्नी राजेश जायसवाल गोरखपुर रेलवे स्टेशन से हल्द्वानी तक की यात्रा के लिए ट्रेन में सवार हुई सुबह लगभग 9:50 बजे जब ट्रेन हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी, तभी वह अपना ट्रॉली बैग और हैंडबैग लेकर कोच के दरवाजे के पास खड़ी हो गई। इसी दौरान चार संदिग्ध व्यक्ति उनके पास आए और सामान उतारने में मदद करने की बात कही। महिला ने अपना काले रंग का ट्रॉली बैग पीछे रखा हुआ था। बैग के अंदर रखे हैंडपर्स में12,000 रुपये कि नगदी व दो डायमंड रिंग रखी थी स्टेशन पर उतरने के बाद महिला अपनी बहन के घर मुखानी चली गई। घर पहुंचकर जब उन्होंने ट्रॉली बैग की जांच की तो बैग का लॉक टूटा मिला और अंदर की चैन खुली हुई थी। जांच करने पर हैंडपर्स गायब मिला। पीड़िता के अनुसार, हैंडपर्स में रखी नकदी और दोनों डायमंड रिंग चोरी हो चुकी थीं। डायमंड रिंग का बिल फिलहाल उनके पास उपलब्ध नहीं है। पीड़िता ने थाना जीआरपी काठगोदाम में तहरीर सौंप कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम कबड्डवाल ने दिया इस्तीफा, राजनीति में हलचल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल नगर इकाई में बड़ा संगठनात्मक बदलाव सामने आया है। नैनीताल नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबडवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने स्वयं इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनका त्यागपत्र जिला कांग्रेस अध्यक्ष राहुल छिमवाल को भेज दिया गया है।

पत्रकारों से बातचीत में कबडवाल ने स्पष्ट किया कि वे कांग्रेस पार्टी के प्रति पूर्व की भांति एक समर्पित कार्यकर्ता और सेवक बने रहेंगे, लेकिन फिलहाल उन्होंने संगठनात्मक जिम्मेदारियों से स्वयं को अलग करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसी व्यक्ति विशेष के विरोध में नहीं बल्कि व्यक्तिगत कारणों से लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कुछ समय से पार्टी की गतिविधियां स्पष्ट नहीं रहीं, जिससे कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व से आग्रह किया कि नगर अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति करते समय सभी कार्यकर्ताओं की सहमति और सामूहिक निर्णय को प्राथमिकता दी जाए। लगभग दो दशकों से अधिक समय से कांग्रेस से जुड़े अनुपम कब ?वाल का राजनीतिक सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ। अपने सरल और व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के कारण कड़वाल पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय रहे। उनके नेतृत्व में नगर कांग्रेस ने विभिन्न आंदोलनों और कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इधर जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने नैनीताल नगर पालिका के पूर्व सभासद कैलाश अधिकारी को कार्यवाहक नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श के बाद जल्द ही स्थायी नगर अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।



## चीर बंधन के साथ जिले में खड़ी होली शुरू

**अल्मोड़ा**। अल्मोड़ा में रंग एकादशी पर रंग पड़ने के साथ ही जिले में खड़ी होली का आगाज हो गया है। शुक्रवार को जगह-जगह चीर बंधन के साथ खड़ी होली का गायन किया गया। घर-घर में महिलाओं की होली भी शुरू हो गई है।

गांवों में मंदिरों में होली का गायन किया गया। यहां कैली बांधी चीर हो रघुनंदन राजा गणपति बांधे चीर हो रघुनंदन राजा.. आदि गीतों का गायन किया।

# होली पर्व को लेकर होटलों में तैयारियां तेज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

होली पर्व को लेकर सरोवर नगरी नैनीताल के उच्च स्तरीय होटलों में तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर के बड़े होटलों में लगभग 60 प्रतिशत कमरे एडवांस में बुक हो चुके हैं, जिससे इस बार भी होली पर सैलानियों की भारी आमद की उम्मीद जताई जा रही है।


होटल प्रबंधन इस बार कुमाऊनी परंपरा के अनुरूप होली मनाने की तैयारी में जुटे हैं। रासायनिक रंगों के बजाय जैविक रंगों का उपयोग किया जाएगा, जबकि पानी से होली खेलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। केवल होटल में ठहरे सैलानी ही होटल परिसर में होली उत्सव में शामिल हो सकेंगे, बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक रहेगी। द नैनी रिट्रीट के जीएम डी.एस. जीना ने बताया कि होटल में जैविक रंगों से होली मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आलू के गुटके, रायता और भांग की चटनी के साथ पारंपरिक कुमाऊनी होली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय होलियारों की टीम को आमंत्रित किया गया है। वहीं नमः नैनीताल की जीएम मेधा भट्टाचार्जी के अनुसार होली पर्व पर ढोल और ढोलक की थाप के साथ संगीत की धूम रहेगी और सैलानियों को पारंपरिक माहौल का अनुभव कराया जाएगा।

इसी क्रम में शेरवानी हिलटॉप इन के महाप्रबंधक कमलेश सिंह ने बताया कि इस बार गुलाल के साथ फूलों की होली मनाई जाएगी। होली को यादगार बनाने के लिए होटल में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

# कृषि प्रशिक्षण एवं कृषि उपयोगी सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित

ओखलकांडा

हमारे संवाददाता



भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अंतर्गत केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान, क्षेत्रीय कार्यालय मुक्तेश्वर द्वारा अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति उप योजना के तहत ओखलकांडा ब्लॉक की दूरस्थ ग्राम सभाओं में कृषि प्रशिक्षण एवं कृषि उपयोगी सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन पूर्व ग्राम प्रधान भुमका मुकेश चंद्र बौद्ध के सहयोग एवं समन्वय से हुआ। इस दौरान ?मराडी, टकुरा, पुटपुरी, रैकुना, पेटना, थलाडी और कावेदल ग्राम सभाओं के कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया तथा कृषि सामग्री वितरित की गई।

मुकेश चंद्र बौद्ध ने कहा कि उन्होंने विभाग और ग्रामीणों के बीच सेतु का कार्य किया है। उनका प्रयास है कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित हों, ताकि ओखलकांडा ब्लॉक के किसानों को वैज्ञानिक खेती और बागवानी का लाभ मिल सके। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों के सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफल रहा। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरुण किशोर ने कहा कि अनुसूचित जाति उप योजना के तहत भविष्य में भी क्षेत्र के गांवों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि शासन और प्रशासन से आवश्यक वित्तीय सहयोग मिलता है तो किसानों को विभिन्न कृषि एवं बागवानी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाता रहेगा।

इस दौरान कार्यक्रम में भुवन चंद्र ग्राम प्रधान रैकुना, किरण देवी ग्राम प्रधान थलाडी, बलवीर सिंह ग्राम प्रधान जमराडी, रोशन आर्य ग्राम प्रधान पुटपुरी, कमल सिंह बोरा ग्राम प्रधान पेटना, कुशमा देवी ग्राम प्रधान टकुरा समेत अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।